तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024




14 दूब, नींबू या पीपल का दो बूंद पीकर नवरात्रि में ...



14 गरबा के समापन सत्र में जमकर थिरके पार्टिसिपेंट्स...








## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

### हादसा : बारिश व तेज हवा चलने से बिजली का तार टूटकर गिरा, उससे लगा करंट


# बिजली करंट से एक मादा भालू व दो शावकों की मौत, वन विभाग ने कराया पोस्ट मार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- भालुओं के कराहने की आवाज से घटना की ग्रामीणों को जानकारी मिली

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम देवीनवागांव में मादा भालू और दो शावक की करेंट के चपेट में आने से मौत के आगोश में समा गए। तीन भालुओं की मौत की खबर सुबह गाँव में आग की तरह फैल गई और वन विभाग को जानकारी दिया गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुँचकर पंचनामा बनाया और तीनों भालुओं का पीएम करवाकर शव का दाह संस्कार करवाया गया।

जानकारी के अनुसार विकासखंड नरहरपुर के देवीनवागांव के किसान पोखन कोड़ोपी पिता मान सिंह कोड़ोपी का खेत तालाब के पास है। बुधवार 9 अक्टूबर की सुबह गांव के कुछ लोग तालाब की ओर गए हुए थे। तालाब के पास स्थित खेत से भालू के कराहने की आवाज सुनकार ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सरपंच उमेश मंडावी को दिया और सरपंच ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुँचे और देखा कि वहाँ पर तीन भालू पड़े हुए थे, परंतु कोई हलचल नहीं थी। भालुओं की स्थिति को देखकर सरपंच ने वन विभाग के कर्मचारियों को घटना की जानकारी दिया और बिजली विभाग को तार टूटने के बारे में बताया गया। सरपंच ने बताया कि बीती रात यानी 8 अक्टूबर की रात को बारिश के साथ हवा तेज चली थी, उसी दौरान बिजली का तार टूटकर खेत में पड़ा हुआ था और खेत में पानी भरा हुआ था। बीती रात या अलसुबह किसान के खेत में फैले करेंट की चपेट में भालू आ गए और यह घटना घटित हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के आसपास पहाड़ से भालू का आना जाना गांव की ओर लगा रहता था, परंतु ऐसी घटना होगी, किसी ने नहीं सोचा था। घटना होते हुए किसी ने नहीं देखा, भालुओं के कराहने की आवाज से ही घटना के बारे में ग्रामीणों को पता चला।





### भालुओं की बढ़ी दस्तक, बचने की है जरूरत

वनमंडल कांकेर के परिक्षेत्र कांकेर, चारामा, सरोना और नरहरपुर में भालुओं की दस्तक अचानक बढ़ गई है। भालू को शहद व तेल की गंध मिलने पर अपने प्रिय भोजन की तलाश में जंगल से गाँव की ओर दस्तक दे देते है। दो दिन पहले अरौद में दुर्गा माँ मंदिर के बाजू में खपरैल मकान में जलाए गए जोत कक्ष में खपरैल को तोड़कर कूद गए और तेल के दीए का तेल पीकर पूरा तहश नहस कर दिया था। कांकेर शहर में भी कई मंदिरों में भी भालू तेल पीने के जुगाड़ में लगातार पहुँच रहे है। वन विभाग का कहना है कि उनको छेड़ने की जरूरत नहीं है, कुछ समय बाद भालू वापिस अपने ठिकाने चला जाता है। छेड़ने पर भालू खूंखार हो जाता है और दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है, उससे बचने की जरूरत होती है।

### पीएम करवाकर किया दाह संस्कार

वन विभाग को खबर मिलने के उपरांत वन विभाग ने विद्युत विभाग के संज्ञान में लाया। दोनो विभाग के आला अफसर मौके पर पहुँचे। विद्युत विभाग द्वारा करेंट सप्लाई बंद करने के बाद भालूओ का शव वन विभाग अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर शवों को उपभोगता डिपों नरहरपुर लाकर पशु चिकित्सक नरहरपुर के द्वारा से तीनों भालुओं का पोस्ट मॉडम कराकर राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया।

### करंट से तीन वन्य प्राणी की मौत

वन परिक्षेत्र अधिकारी नरहरपुर विजयंत तिवारी ने बताया कि बीती रात को गरज चमक के साथ बारिश होने और तेज हवा के चलते देवीनवागाँव में खेतो से गुजरी विद्युत लाईन के टूटकर गिर जाने से फैली विद्युत करंट के चपेट में आने से तीन वन्य प्राणी भालू की दर्दनाक मौत हो गई, जिसमें एक मादा उम्र 5 वर्ष और 2 शावक (नर मादा) उम्र 10-10 माह का खेत के मेंड़ से गुजरते वक्त करंट से मृत्यु हो गई।

## उतामार में एक सप्ताह से जलसंकट, ग्रामीणों परेशान पर जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत जातावाड़ा के आश्रित ग्राम उतामार में ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सके, इसके लिए नल जल योजना के माध्यम से सोलर पंप उत्तामार के पटेल पारा में स्थापित किया गया। यह पंप एक सप्ताह से बंद है, जिसके चलते ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह से पानी नहीं मिलना बंद हो जाने का कारण संबंधित टीम नहीं बता पा रही है, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से पानी मिलना बंद है, जिससे गाँव के लोगों के लिए पेयजल की समस्या बनी हुई है और पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित विभाग व अमले को अवगत कराया गया, फिर भी सुधार नहीं किया गया। ग्रामीण रतन दुग्गा, संकुर दुग्गा, ग्राम पटेल प्रेम सिंह नरेटी, रमेश टांडिया, नरपत नरेटी, रामेश्वर कोमरा, जागेश्वर नरेटी, लल्लू कोमरा व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सौर ऊर्जा से पानी सप्लाई पटेल पारा में किया जा रहा था जो कि खराब होने के कारण एक सप्ताह से बंद है जिससे पीने के लिए पानी हमें नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की माँग है कि इस समस्या का जल्द निराकरण ग्रामीणो को पीने लिए पानी उपलब्ध करवाया जाए। इस ▶▶| शेष पेज 12 पर



### डूबने से युवक की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खैरखेड़ा बांध में मछली पकड़ने के लिए गए युवक का पानी में डूबने से मौत हो गया। जानकारी अनुसार मृतक खैरखेड़ा निवासी 42 वर्षीय देवराम उसेंडी मछली पकड़ने के लिए बांध में गया था। बांध में डूब जाने से उसकी 7 अक्टूबर को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## सातवीं की छात्रा अंकिता का राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर




सरस्वती शिशु मंदिर नरहरपुर की सातवीं की छात्रा अंकिता केकती पिता राकेश केकती का मध्य प्रदेश के खंडवा में आयोजित चार राज्यों की विद्या भारती क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर पहली बार एथलेटिक्स के अन्तर्गत विद्या भारती राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ के लिए चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 28 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के सतना में आयोजित होगी। विद्या भारती राष्ट्रीय एथलेटिक्स दौड़ में अंकिता का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहने पर राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बन जाएगी और एसजीएफ आई प्रतियोगिता के माध्यम से देश में अन्य धावकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर दौड़ में प्रदर्शन कर देश की राष्ट्रीय खिलाड़ी बनकर अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकती है। छात्रा अंकिता सबसे पहले कक्षा में प्रथम, माध्यमिक विभाग में प्रथम, जिला में प्रथम, संभाग में प्रथम,सशिम विद्या भारती छग राज्य में प्रथम, क्षेत्र में प्रथम आने के पश्चात राष्ट्रीय ऐथलेटिक्स में 28 अक्टूबर को सतना एम पी में आयोजित 100 मीटर दौड़ में भाग लेगी। नरहरपुर शिशु मंदिर के आचार्यों ने बताया कि विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से प्रतिभावान छात्र छात्रा जिला ,संभाग व राज्य स्तर पर चयन होने से राष्ट्रीय स्तर के खेल में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बन सकते हैं,साथ ही ओलंपिक संघ से विद्या भारती शिशु मंदिर को अलग से राज्य का दर्जा मिला है। नरहरपुर सरस्वती शिशु मंदिर से ही 200 मीटर दौड़ में सातवी की छात्रा तनिष्क मण्डावी पिता दिनेश मण्डावो ने भी जिला संभाग व राज्य में प्रथम स्थान पर आई थी, परंतु क्षेत्र स्तर पर 200 मीटर दौड़ में कुछ सेंकड से कवर न कर पाने से उन्हें द्वितीय स्थान से संतोष होना पड़ा था।

## शार्ट सर्किट से बीएसएनएल एवं जियो के पैनलों में लगी आग, सेवाएं रहीं ठप

**धनेलीकन्हार।** धनेलीकन्हार में बीएसएनएल व जियो टावर के पैनल में शार्ट शर्किट से आग लग गई , जिसके चलते 8 अक्टूबर की शाम 5 बजे से पूरा सिस्टम बंद हो गया। सिस्टम के बंद होने से दोनो कंपनी की मोबाईल सेवाएं उसी समय से ठप्प हो गई। नेटवर्क बंद हो जाने से पूरी सेवाओं पर दिनभर प्रभाव देखने को मिला। उपभोक्ताओं को दिनभर परेशानियो का सामना करना पड़ा। बीएसएनएल व जियो टावर के पैनल में शार्ट शर्किट से आग लग जाने के कारण मंगलवार 8 अक्टूबर की शाम 5 बजे से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र धनेलीकन्हार , सब स्टेशन धनेलीकन्हार व सेन्ट्रल बैंक धनेलीकन्हार व ग्राम पंचायत सहित कई व्यापारिक संस्थानों में बीएसएनएल का ब्राड बैंड कनेक्शन बंद हो गया। इन संस्थानों में 9 अकटूबर को समाचार लिखे जाने तक नेटवर्क बंद होने के कारण किसी भी तरह का काम नहीं हो सका और ग्रामीण क्षेत्र से पहुँचने वाले लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। सेन्ट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक ललित किशोर ने बताया की नेट नंही चलने से कई बैंक के खाता धारक बिना पैसा जमा किए व निकाले वापस चलें गए, ग्राहकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। पैनल के जल जाने के बाद यह व्यवस्था ▶▶| शेष पेज 12 पर



## मार्कशीट लेने गई बहन से भैया-भाभी ने की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 116 में भाई से मार्कशीट मांगने गई बहन के साथ आरोपी भाई-भाभी व घर में मौजूद उसके रिश्तेदार ने मिलकर मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंची हैदराबाद निवासी 34 वर्षीय रेणुका सरकार कुण्डु पति उत्तम कुण्डु ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को अपने पिता के घर पीव्ही 78 में आई थी । मैं 8 अक्टूबर को 3 बजे अपने पति एवं पिता के साथ भाई पीव्ही 116 निवासी सुब्रत सरकार के घर गई थी। मैने अपने भाई से अपनी मार्कशीट को मांगा, भाई ने मार्कशीट नहीं दिया, ब्लकि मेरा भाई सुब्रत सरकार, भाभी चनद्रिका सरकार और भाई का साला पीव्ही 4 निवासी राजेश डे तीनो ने मिलकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मेरे साथ मारपीट करने लगे और मेरे को दिवाल पर टक्कर मारने से मेरा चुड़ी टूट गई एवं गला व सिर में चोट आई है।

घटना के समय मेरे पिता सुबल सरकार एवं पति उत्तम कुण्डु ने बीच बचाव किया। बीच बचाव के दौरान मेरे पिता को भी चोट आई है। मेरे भाई ने कहा कि तेरी मार्कशीट एवं पुस्तकों को जला दिया हूँ और मारपीट कर मुझे घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।


### पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969


### कृषि उत्पादन आयुक्त निगार ने कलेक्टरों की बैठक ली

# बीज उत्पादन कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारियों की कांकेर जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने 9 अक्टूबर को बैठक लेकर कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन और पशु चिकित्सा विभाग के विभागीय कार्यों और गतिविधियों की जिलावार समीक्षा किया। बैठक में खरीफ वर्ष 2024 की प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना और कार्यक्रम निर्धारण के अलावा नियद नेल्लानार में विभागीय योजनाओं के तहत कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा किया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 9 अक्टूबर की सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि धान की परंपरागत खेती में विविधता लाने का प्रयास करें और धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, उद्यानिकी एवं नगदी फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मिलेट की मांग बढ़ रही है, और इसे ध्यान में रखते हुए मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाएं। साथ ही उन्होंने बस्तर संभाग के सभी किसानों विशेषकर अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम से जोड़ने के भी निर्देश दिए।कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि पूरे राज्य में बीज की मांग को दृष्टिगत रखते हुए बीज उत्पादन कार्यक्रम पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए सभी जिलों से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सहकारिता समिति गठन के कार्य में तेजी लाने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देश दिए। संचालक कृषि ने बस्तर संभाग में कृषि विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी और ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आधार सीडिंग, एफआरए और पीव्हीटीजी समूह के किसानों की ऑनलाईन एंट्री और एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कार्य में तेजी लाने को कहा। संचालक पशुपालन ने बस्तर क्षेत्र में पशुओं के लिए प्रोटीनयुक्त उत्पादों की उपलब्धता को बढ़ाने हेतु कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जिलेवार जानकारी दी। संचालक मत्स्य विभाग द्वारा जिलेवार विभागीय प्रगति की जानकारी देते हुए मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। इसी प्रकार संचालक उद्यानिकी ने सभी जिलों में संचालित कार्यक्रमों व गतिविधियों, उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात की संभावनाओं की जानकारी दी और कहा कि वाटरशेड के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है।

आयोजित बैठक में आयुक्त बस्तर संभाग डोमन सिंह, संचालक कृषि डॉ. सारांश मित्तर, संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, संचालक उद्यानिकी एस. जगदीशन, संचालक मत्स्य एनएस नाग सहित ▶▶| शेष पेज 12 पर


### सोलहवीं पुण्यतिथि



**स्व. ईश्वर यादव (ईशु)**

10.10.2008

जिनका कर्म हमारी प्रेरणा है, जिनके विचार हमारे मार्गदर्शक जिनका स्मृति हमारा सम्बल...
आपके आदर्शो को मूर्तरूप देने का हम सकल्प करते हुए सोलहवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

शोकाकुल

धनश्याम यादव, राजेश यादव (बड़े भाई)
खगेश्वर यादव, महेश यादव, अविनव, विहान (भतीजा)
अंतागढ़, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### सूखे पेड़ की टूट रहीं शाखाएं, हटाने की मांग

**अंतागढ़।** अंतागढ़ से नारायणपुर मुख्यमार्ग पर कलगांव के पास सूखा पेड़ की शााखाएं टूटकर गिरती रहती है और हादसा की संभावना बनी हुई है। सूखे पेड़ की शाखा 9 अक्टूबर को अचानक टूटकर गिरा, काश उसी समय उस स्थान से कोई गुजरने पर बड़ा हादसा हो सकता था। अंतागढ़ प्रशासन से अंतागढ़वासियों ने माँग किया है कि हादसा होने के पहले सड़क किनारे सूखे पेड़ को हटाने की माँग किया है।

### महिला उद्यम समूह को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



**धनेलीकन्हार।** विकासखंड कांकेर के ग्राम कोकपुर, कुरिष्टीकुर, मोदे, कन्हारपुरी, केवटीनटोला व डोमाहर्रा के 60 महिलाओं को मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन आदिवासी ग्रामो के महिलाओं के द्वारा मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण लेकर उत्पादन के लिए मशरूम बैंग तैयार किया गया। इस दौरान पैरा कुट्टी का फफूंदी नाशक उपचार, मशरूम बीज बुवाई, मशरूम बैंग निर्माण,कवक विकास, तापमान प्रबंधन, बैंग प्रबंधन, स्वच्छता, के विषयो पर जानकारी दिया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों मे रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने मे मदद कर रहा है।

### बंजारी मंदिर हाहालददी में हवन पूजन 11 को

**दुर्गुकोंदल।** हाहालददी स्थित मां बंजारी माता मंदिर में 11 अक्टूबर



को शारदीय नवरात्र के अष्टमी में हवन पूजन कर विशेष पूजा अर्चना किया जाएगा। इसके लिए मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा तैयारी कर ली गई है। समिति के अध्यक्ष हरिराम सिन्हा व भूपेंद्र सिंहा ने बताया है कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर अष्टमी के अवसर पर हवन पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

### सेन समाज की बैठक, कई मुद्दों हुई चर्चा

**धनेलीकन्हार।** श्रीवास सेन समाज की छमाही बैठक अध्यक्ष सेन समाज के नेतृत्व में धनेलीकन्हार के सदन में आयोजित बैठक में कई विषयों पर चर्चा किया गया। समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया की बैठक में आगामी महासभा सिदेसर में 2 मार्च 2025 सोमवार को होगा। आगामी सर्व सेन समाज के चुनाव को लेकर गहन मंथन किया गया। समाज को कमजोर करने वाले बिंदुओ की पहचान कर योजना बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में सचिव हरिशंकर सेन, कोषाध्यक्ष अनिल सेन ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। बैठक में प्रमुख रूप से श्रीवास सेन समाज अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक, सर्व सेन समाज अध्यक्ष कैलाश सेन, उपाध्यक्ष रामेश्वर सेन, संरक्षक दयालु राम सेन, सलाहकार अभीराम सेन, विमल सेन, बसंत सेन व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### देवउठनी एकादशी पर्व के लिए स्थानीय अवकाश

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-दो के तहत 1 नवम्बर 2024 को गोवर्धन पूजा हेतु पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी पर्व के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त तिथि पर कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे।

## एकलव्य विद्यालयों की खेल महोत्सव अन्तर्गत दो दिवसीय संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# बस्तर ने जीता ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

हार-जीत स्पर्धा का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन जो असफल होकर अपने

- लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ें : महेश
- स्पर्धा में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सबसे बड़ी उपलब्धि : किरण

दक्षता में सुधार कर भविष्य में श्रेष्ठतम प्रदर्शन के द्वारा परचम लहराता है वह ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी खिलाड़ी को असफलता से निराश नहीं होना चाहिए और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। यह बात सांसद बस्तर महेश कश्यप ने धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उम्र दिशा तय करने का है, इसलिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ें। इस संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया।



इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक जगदलपुर किरणदेव ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत-हार से भी बड़ी उपलब्धि स्पर्धा में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है और इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी बधाई के हकदार हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर अब तेजी से बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है। यहां की प्रतिभाएं अब खेलकूद सहित हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं। भविष्य में और ज्यादा मेहनत कर बेहतर प्रदर्शन से अपनी दक्षता सिद्ध करें। इस अवसर पर विजयी खिलाड़ियों तथा टीमों को मैडल, ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही टीमों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं खेल प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी और शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के अलावा खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## गरबा के नाम पर हिंदुओं के आस्था पर ठेस, सक्षम के कर्मकर्ता एफआईआर कराने पहुंचे कोतवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विभिन्न हिन्दू समाज के लोग गरबा का आयोजन पूरे रीति-रिवाज व संस्कृति के आधार पर मना रहे है। वही दूसरी ओर वन्या लॉन आयोजक

- तय मानकों से कही अधिक डेसिबल साउंड का किया गया दुरुपयोग

तिशा गुरप इवेंट, लागु वाटिका, गुप्ता लॉन व चौपाटी में माता दुर्गा को प्रसन्न करने वाले गरबा नृत्य का अपमान किया गया है। जिसका साक्ष्य के रूप में वीडियो पुलिस को सौंप गया। पूर्व में भी फूहड़ता फैलाने के नाम पर वन्या लॉन की शिकायत सक्षम ने की थी जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाया जा रहा है। वीडियो में साफ दिखाई व सुनाई दे रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है। उसका साउंड डेसिबल तय मानक से बहुत अधिक है। वही लॉन के दूसरी ओर दलपत सागर तालाब है जो कि पूर्ण रूप से ग्रीन लैंड एरिया के अंतर्गत आता है। किस आधार पर वन्या लॉन संचालक व समिति को डीजे बजाने की अनुमती प्रदान की गई। तय मानक से अधिक डेसिबल मे आयोजन समितियों पर हिन्दुओं की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 के तहत एफआईआर दर्ज की जाए।



## भाजपा सदस्यता अभियान में 10,000 के आंकड़ों को किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन महापर्व के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने

- सदस्यता अभियान को लेकर दुगुनी ऊर्जा के साथ करेंगे काम : केदार

देश भर में पूरे उत्साह के साथ सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर क्षेत्र के भाजपा नेता व केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने 10,000 के आंकड़ों को पार कर लिया है। देर रात नरेंद्र मोदी ऐप पर उनके ऑनलाइन सदस्यता के आंकड़ों ने 10,003 की संख्या को पार कर लिया है। जिसके बाद से ही वन मंत्री के समर्थकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता महापर्व रूपी यह अभियान संगठन का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। जिसमें तय सीमा में सदस्यता लक्ष्य को पूरा करना आवश्यक है। प्रत्येक कार्यकर्ता संवाद स्थापित कर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को सदस्यता दिलवाएं। हजार के आंकड़ों को पार करने के बाद वन मंत्री ने कहा कि वे चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत को अपनाते हुए सदस्यता अभियान में दुगुनी ऊर्जा के साथ काम करेंगे।



## पदोन्नति में आरक्षण और अन्य मांगें का प्रबंधन कर रहे नजर अंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कंपनी प्रबंधन के तानाशाही रवैय्या के विरोध में आरक्षित वर्ग संघ के प्रांतीय आह्वान पर संघ द्वारा अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम को ज्ञापन सौंपा। इसमें आरक्षित वर्ग के अध्यक्ष विष्णु मरकाम, सचिव योगेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष डीएस कतलम, प्रांतीय प्रचार सचिव थानसिंह उइके, सदस्य सुलभा चौधरी, नंदकुमार मांझी, नेमीन ठाकुर, बीरबल ध्रुव, राजेंद्र नेताम, रुपेश नाग, आश्रिता पोया, मालती मौर्य, एमएस नाग, सुमित्रा कश्यप एवं अन्य सदस्य शामिल रहे। प्रांतीय प्रचार सचिव श्री उइके ने बताया कि विद्युत कंपनी में पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा नजरअंदाज किए जाने से नाराज आरक्षित वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। कर्मचारियों ने प्रबंधन द्वारा मांगें पूरी नहीं किए जाने और चर्चा के लिए संगठन को महत्व नहीं दिए जाने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी है। पावर कंपनी में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर एक बार फिर विवाद शुरू हो गया है। एक संगठन द्वारा जहां पदोन्नति में पूर्व में दिए गए आरक्षण को गलत बताते हुए पदावनत करने की मांग की जा रही है।

## शीतला मंदीर में दीप प्रज्ज्वलित कर परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नवरात्र पर कंगोली स्थित शीतला माता मंदिर में कलश स्थापना के साथ दीप प्रज्वलित कर आरती की गयी। तत्पश्चात 108 पौधें का लक्ष्य लेकर पौधरोपण मंदीर परिसर में प्रारंभ किया गया। जिसके उपरांत प्रतिदिन ग्राम के रिक्त स्थानों में पौधे लगाकर लक्ष्य पूर्ण किया जायेगा। लक्ष्य पूरा होते ही अगला लक्ष्य 1008 पौधे का होगा। जिसका उद्देश्य धार्मिक के साथ पर्यावरण की सुरक्षा है। ग्रामवासियों का कहना है कि जब से प्रदूषण रिपोर्ट में बस्तर का नाम देखा है, और बस्तर का दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है, जो आने वाले दिनों में और भी भयावह हो सकती है, जिससे निपटने अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। मन्दिर में प्रतिदिन आरती, सत्संग, मंत्र जाप, नवरात्र अंतिम दिन भंडारा व विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन करना तय हुआ है। इस दौरान डिप्टी रेंजर ललन तिवारी, वन कर्मी मंगलू, हेम दास नाग, लोकमान्य तिलक वार्ड के पार्षद दयाराम कश्यप, पुजारी रामदास, पटेल बलिराम, मारसाय, खगेश्वर, पुष्पा नेताम, तारा यादव, माया यादव, मंजु सिंह, पूजा सिंह, बिक्कु सिंह राय, हरेंद्र सिंह राय, दिलीप नेताम, रोहन कुमार, संजय मौर्य, संतोष मौर्य, विमल निषाद, देवेश यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।



## उधारी नहीं लौटाने पर युवकों व परिजनों की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** उधारी का पैसा नही लौटाने की बात को लेकर तीन लोगो ने मिलकर युवक के साथ मारपीट किया। युवक ने जब मारपीट के बारे में अपने परिजन को बताया, परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया। मारपीट की शिकायत पखांजुर थाना में किया गया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे थानापारा पखांजुर निवासी सुचित्रा मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि मेरा लड़का सनातन मिस्त्री ड्राइवरी का काम करता है। सनातन ने विकास राय से 1 हजार रूपएं उधारी लिया था। पैसा नहीं लौटा पाने से विकास राय, अंजू राय व जयेश राय द्वारा सनातन के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया और कहा कि कबसे पैसा लिया है, आज तक नहीं लौटाया है बोलते हुए मारपीट करने लगे। सनातन ने मुझे फोन करके घटना के बारे में बताया तब मै पति सुकचंद मिस्त्री के साथ पुराना बाजार दुर्गा मंदिर के पास गए, वहा पर सनातन को विकास राय, अंजू राय और जयश राय मिलकर मारपीट कर रहें थे। मैं व मेरे पति बीच बचाव करने गए तो आरोपियों ने प्रार्थी और उसके पति के साथ भी मारपीट करने लगे। युवकों की मारपीट से मेरे पति सुकचंद को सीना और दाहिना कंधा में चोट आया। आरोपियों द्वारा सार्वजनिक स्थान दुर्गा मंदिर के पास गाली देते हुए मारपीट किया गया है। आरोपियों की मारपीट से पूरा परिवार दहशत में है, भविष्य में कोई भी अनहोनी हो सकती है। प्रार्थियां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## कसावाही की ठाकुर जोहनी में विधायक सावित्री हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सर्कल ग्राम कसावाही में आयोजित ठाकुर जोहनी के कार्यक्रम में विधायक सावित्री मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर सर्कल के प्रमुख प्रतिनिधियों और स्थानीय नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।

विधायक ने सर्कल और ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्राम के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और भविष्य में कसावाही के विकास कार्यों को गति देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक बंधुत्व और एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था, जहां स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सर्कल अध्यक्ष राम मनोहर दर्रो, सरपंच ललित नारायण गोटी, पूर्व गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि हिरवेंद्र साहू, सर्कल संरक्षक पुसउ गोटी, सलाहकार फागू राम आंचला, नोहर सिंह उइके, चन्दर गोटी और एनएसयूआई प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पदयात्रियों के पैरों की मालिश और छालों का एबीवीपी कार्यकर्ता ने किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री शैलेश धुरव ने बताया कि नवरात्रि पर बस्तर में आराध्य देवी मां दंतेश्वरी धाम दंतेवाड़ा में श्रद्धालु पैदल, दंडवत यात्रा करते मंदिर दर्शन के लिए पहुंच रहे है। ऐसे में लंबी दूरी तय करते हुए पैरो में सूजन और छाले पड़ जाते है, जिसके कारण श्रद्धालुओं को पैदल चलने में परेशानी हो रही है। इसे ध्यान में रखते एबीवीपी सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि, विकासार्थ विद्यार्थी के तत्वावधान में भक्तों के पैरो की मालिश तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। माई दंतेश्वरी के दर्शन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। भक्तों के इस भीड़ में नियंत्रक के रूप में कार्य करते हुए परिषद के कार्यकर्ता निरंतर पानी पिलाने का कार्य कर रहे हैं।




## राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा जैसकर्रा में होगी

**चारामा।** दीपावली के शुभ अवसर पर दीपावली महोत्सव समिति द्वारा जैसाकर्रा के तत्वाधान में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 2 नवंबर को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जैसाकर्रा के स्कूल मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यभर से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों में नृत्य प्रस्तुतियां होंगी, जिसमे सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य रहेगा और साथ ही पुरूस्कार राशि सामूहिक नृत्य के लिए प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए, द्वितीय 10001 रुपए और तृतीय 7001 रुपए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार युगल और एकल नृत्य के लिए भी आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। कुल 22 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान साउंड और लाइट की बेहतरीन व्यवस्था सारंगा साउंड सिस्टम और एवरग्रीन लाइट द्वारा की जाएगी, जिससे कार्यक्रम और अधिक भव्य हो सकेगा।

## पेज 11 के शेष...

### उतामार में एक...

संबंध में ग्राम पंचायत जातावाड़ा सरपंच झुमित बाई कोरेटी ने बताया कि पेयजल समस्या सौर ऊर्जा एक सप्ताह से बंद होने की जानकारी संबंधित विभाग को दिया गया है, परंतु विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ही ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन से माँग है कि ग्रामीणों की समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएं, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### शार्ट सर्किट से...

कब बहाल होगी, इसे जानने के लिए ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। दोनो संस्थानों के स्थानीय अधिकारी व कर्मचारियों से संपर्क नहीं हो पाने के कारण ग्रामीणों को नहीं पता चल पाया कि यह व्यवस्था कब तक बहाल हो पाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि अब बिना नेटवर्क के कोई काम नहीं होता है, परंतु नेटवर्क को बंद हुए 24 घंटे हो गया है, पूरा कामकाज ठप्प पड़ गया है। ग्रामीणों ने कहा कि मीडिया के माध्यम से संबंधित विभाग से माँग किया गया है कि जल्द व्यवस्था को बहाल किया जाए।

### बीज उत्पादन कार्यक्रम...

कलेक्टर नारायणपुर बिपिन मांझी, कलेक्टर बस्तर हरिश एस., कलेक्टर कांकेर नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत, कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी, कलेक्टर बीजापुर संबित मिश्रा तथा कलेक्टर सुकमा देवेश कुमार ध्रुव सहित जिला एवं संभाग स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दुधावा में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा शारदीय नवरात्रि पर्व

**दुधावा।** सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम दुधावा में भक्तों द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भक्तजन शीतला मंदिर रंग मंच पर मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर रहे हैं। दूर-दूर से आए श्रद्धालु भजन-कीर्तन में भाग ले रहे हैं, जिससे वातावरण भक्ति रस में डूबा हुआ है। नव दिनों तक आयोजित होने वाले इस पर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रामधुन, जस झांकी, पंडवानी और बच्चों द्वारा डीजे डांस शामिल हैं।



सुबह-शाम आचार्य पंडित ओमप्रकाश दीवान महाराज के नेतृत्व में शास्त्रीय संगीत के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। पंचमी के दिन विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्राम के सभी निवासियों ने श्रद्धा से भाग लिया और मां दुर्गा जी की आराधना की। इस पुनीत कार्य में ग्राम विकास के सभी पदाधिकारी, पंचायत के पंच गण और समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। ग्राम दुधावा में हो रहे इस पर्व का महत्त्व न केवल धार्मिक है, बल्कि यह ग्रामवासियों के बीच एकता और सामूहिकता का भी प्रतीक है। इस प्रकार, दुधावा में मां दुर्गा जी की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की जा रही है।

## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज कांकेर का स्थापना दिवस 18 को मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला काँकेर का जिला स्तरीय आकस्मिक बैठक मंडी प्रांगण कोरर में रखा गया। जिसमें प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 18 अक्टूबर को सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला काँकेर का स्थापना दिवस मनाया जाना है। भानुप्रतापपुर में जिला स्तरीय स्थापना दिवस वृहद रूप से मनाए जाने के लिए सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। बस्तर संभाग के ओबीसी समाज के अपने बहुप्रतीक्षित मांगों के समर्थन में बस्तर संभाग के सभी ग्रामों के ओबीसी एकत्रित होंगे व समाज गठन का स्थापना दिवस मनाएंगे।

जिला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू व संरक्षक हरेश चक्रधारी ने सभी ओबीसी समाज से अपील की है कि 18 अक्टूबर को सभी ग्रामीण अध्यक्ष अपने ग्राम में ओबीसी समाज का बैठक कर स्थापना दिवस मनाने हेतु प्रत्येक घर से भानुप्रतापपुर चलने के लिए तैयारी करें व अधिक से अधिक संख्या में उक्त दिवस को पहुचने की अपील की।

साथ ही वर्तमान में जो ओबीसी समाज का शासन से प्रत्येक ग्राम में जन गणना हो रही है उसमें कुछ ग्रामों में गणना कर्ता शतप्रतिशत घर-घर जा कर गणना नहीं कर रहे हैं जिससे गणना का डाटा सही नहीं आने की संभावना है अतः प्रशासन से ओबीसी समाज ने विज्ञप्ति की माध्यम से शतप्रतिशत घर में जा कर सर्वे कार्य संपादित करने हेतु माँग की जिससे बस्तर संभाग के जिन ग्राम पंचायतों में ओ बी सी समाज का बाहुल्यता है उसका डाटा प्राप्त हो सके व ओबीसी समाज को इसका लाभ मिल सके।

इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने किया बैठक में संरक्षक हरेश चक्रधारी व मनीष योगी टेम्पा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद जैन, राजकुमार साहू, माथेश्वर जैन परिक्षेत्र अध्यक्ष दयालु यादव, संगठन मंत्री वेदप्रकाश सिन्हा, अलित सिन्हा, रामेश्वर जैन, गीता राम धनकर, गंगा राम धनकर, मायाराम जैन, खिलेश्वर साहू, दुर्गाप्रसाद जैन, राजेन्द्र प्रसाद कटेन्द्र, रामा साहू, चैन सिंग जैन, हरिराम साहू सहित ओबीसी सामाज के लोग उपास्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रोफेसरों ने किया निरीक्षण किसानों को दी सलाह

**कांकेर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों का मोहपुर में ग्रामीण कृषि कार्य के अनुभव कार्यक्रम के निरीक्षण के लिए प्रोफेसरों की टीम पहुंची, जिसमें सह प्राध्यापक उद्यानिकी डॉ. फूल सिंह मरकाम व प्रदीप गंजीर ने विद्यार्थियों द्वारा चुने गए किसानों के खेतो का भ्रमण किया व किसानों से परिचर्चा के दौरान उद्यानिकी फसलों में अल्प अवधि, समय के अनुरूप पछेती किस्मों को लगाने, विभिन्न प्रकार के नर्सरी तैयार करने, फसलों को वैज्ञानिक पद्धति से लगाने के लिए मार्गदर्शन दिए। सब्जियों में जैविक और प्लास्टिक मल्च और ड्रिप का उपयोग करके सब्जियों को लगाने के बारे में बताया और साथ में गृह वाटिका में नार वाली सब्जियों को सम्मिलित करने का सुझाव दिया।

### नया धान खरीदी केंद्र खोलने की माँग



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम नवागांव में आमागढ, नवागांव , हिंगपुरी, एडगुड,बोदेली, हानपतरी, चेमल,गुलाल बोड़ी, पडगाल, पहन कन्हार चिहरो के किसान ग्राम नवागांव में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने बताया कि नवीन उपार्जन केंद्र नवागांव की आवश्यकता है, क्योंकि ग्राम नवागांव के अंतर्गत आश्रित ग्राम 11 गांव है, जो उपार्जन केंद्र दुर्गूकोंदल 11 गांव की दूरी लगभग 12 किलोमीटर दूरी स्थित है।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आज अंतिम दिन



**चारामा।** नगर चारामा के वार्ड नंबर 09 में आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण कथा सुनने के लिए न केवल वार्ड के लोग बल्कि आसपास के नगरवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं और भक्तिभाव से कथा का रसपान कर रहे हैं। यह कथा का आज 10 अक्टूबर को अंतिम दिन है। भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न चरित्रों का भावपूर्ण चित्रण किया जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में भक्तगण कृष्ण लीला की दिव्य गाथाओं का आनंद ले रहे हैं। कथा वाचक पंडित भीमप्रसाद शर्मा संत पवन दीवान के शिष्य हैं और उन्होंने विगत 46 वर्षों में 821 से अधिक बार श्रीमदभागवत कथा का वाचन किया है।

# दूब, नींबू या पीपल का दो बूंद पीकर नवरात्रि में सीने पर ज्योति कलश रखकर मां की पूजा

## साधक युवक ईश्वर प्रसाद साहू की कठोर साधना बना चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

नगर में एक युवक द्वारा मां के प्रति अटूट आस्था का स्वरूप देखने को मिल रहा है। अठारह वर्षीय एक युवक द्वारा ईश्वर साहू द्वारा आयोजित पूजा पंडाल में अपने सीने के ऊपर ज्योति कलश रख मां का अनुष्ठान कर रहा है। उसकी धैर्य और मां भगवती के प्रति भक्ति को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

शारदीय नवरात्र का महापर्व चल रहा है और सभी जगह भक्तिमय से डूबा हुआ है. नवरात्र में भक्तो के द्वारा अलग अलग तरीके से अपनी मान्यता अनुसार मां को प्रसन्न करने दूर दराज से माता रानी के दरबार पहुंच पूजा अर्चना कर खुशहाल जीवन की कामना कर रहे हैं। भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 01 में स्थित रंगमंच के पास वार्ड समिति एवं योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा पूजा पंडाल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उसका सातवें दिन है। नवरात्रि के इस पूरे नौ दिनों तक इसी अवस्था में लेटे ज्योति कलश को अपने सीने पर रखेंगे खाना-पीना कुछ नहीं कर रहा है। हलक सूखने पर दो बूंद दुबी एवं नींबू का रस या पीपल पत्र रस दिया रहा है। उसकी इस आस्था को देखने के लिए भक्तों के आने-जाने का क्रम लगा हुआ है।

ईश्वर प्रसाद साहू के द्वारा दिव्य शक्तियों के द्वारा प्रतिमाह आमावस्या और पूर्णिमा को आशीर्वाद दिया जाता है। उन्होंने कहा जिससे व्यक्ति का दैहिक दैविक भौतिक कष्टों का समाधान होता है।



### अलौकिक आनंद

नवरात्र में प्रतिदिन आशीर्वाद प्रदान किया जाता है पंचमी और अष्टमी विशेष दिवस होता है जिसमे अपार श्रद्धालु जनों की भीड़ होती है। यहां सांसारिक समस्याओं के समाधान के साथ आध्यात्मिक प्रगति हेतु अनेक प्रकार के साधना का भी मार्ग प्रशस्त किया जाता है जिससे व्यक्ति अपने आराध्य का कृपा प्राप्त कर अपने आराध्य का साक्षात्कार कर पाने में भी सक्षम होता है। जिससे अलौकिक आत्मिक सुख और शांति की अनुभूति करता है सच्चे दिल से यहां आने वाले सभी लोगों को आत्मिक सुख की शांति की प्राप्ति होती है।

## आयोजन : विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया

# गरबा के समापन सत्र में जमकर थिरके पार्टिसिपेंट्स एवं भक्ति गीतों पर युवतियों ने डांडिया में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर नगर के हाई स्कूल मैदान में क्षितिज चोपड़ा ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय गरबा नाइट उत्सव का 8 अक्टूबर को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर रहे। आयोजित गरबा महोत्सव में महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा नृत्य करते हुए नजर आई। महिलाओं को गरबा नृत्य करते हुए देख कलेक्टर साहब ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय लोक नृत्य 'गरबा में महिलाओं को शामिल होने के लिए कोई प्रतिबंध नही होता। नवरात्रि के दौरान वे गरबा आयोजनों में बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ शामिल होते हैं।अपनी परंपरा का आनंद लेते ही हैं, गरबा नृत्य देख नाचने को आतुर हो उठते हैं। गरबा के रंग समेटे हुए पूरा नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है।

तीन दिनों तक चले गरबा उत्सव के अंतिम दिन भारी भीड़ यहां पहुंची। रात साढ़े आठ बजे से भक्ति के उल्लास का पर्व यानी गरबा शुरू होकर देर रात तक चला।गरबा नृत्य के जरिए देवी की आराधना की गई। फिर जगमगाते रोशनी में डीजे साउंड पर जमकर थिरके। उल्लासपूर्ण गीतों पर आकर्षक परिधानों में महिलाओं युवतियां एवं बच्चों का उत्साह दिखा।आरती के बाद जैसे ही गरबे का दौर शुरू हुआ, पहले राउंड में सर्कल में गरबा प्रेमी थिरक उठे। पार्टिसिपेंट्स अलग-अलग थीम में नजर आए। पार्टिसिपेंट्स ने बॉलीवुड मिक्स सॉन्गस पर गरबा किया। मंच पर कलेक्टर के साथ समिति के संरक्षक निखिल सिंह राठौर,दीपेश चोपड़ा,सचिन दुबे,मोहन हरद्वानी,प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय साहू,कमलेश गावड़े,मनीष साहू,संजू हरद्वानी,भीखम आरदे, गजानन्द डडसेना, राकेश रमानी,वरुण खपर्डे,नीतीश मेहता, डाली गौतम, अंनत गोपाल कोठारी,आदित्य गोलानी,अभिनव श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित रहे।








### प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

अंत में विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। लगातार तीन दिनों तक समूह की प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमे पीला रंग में,नंदिनी साहू ,कशिश सचदेव,गीतांजलि वैशाली सेबल,गुलाबी,रेखा नवलानी,अंजू हरद्वानी,हिमांशी साहू,जिया समानानी। नीला में रैना हरदवानी,महक सचदेव ,अपराजिता दुबे,नारंगी में नीलिमा सिन्हा,हिमांशी सोनी,काजल। वहीं 120 बच्चे जिन्होंने प्रैक्टिस मे हिस्सा लिया था उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। तथा 50 छोटे बच्चों को गिफ्ट दिया गया।समिति की ओर से कलेक्टर साहब को स्मृति चिन्ह भेंट अध्यक्ष सचिन दुबे द्वारा किया गया।कलेक्टर साहब की धर्म पत्नी पल्ली मैडम भी कार्यक्रम में शामिल हुई।

# लिलेझर में आज मां कालरात्रि की स्वरूप की विशेष पूजा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



लिलेझर गाँव स्थित शिव शक्ति सांई धाम में पिछले 20 वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा के सातवें रूप मां कालरात्रि की विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जाता रहा है। यह पूजा हर वर्ष शिव शक्ति सांई धाम के संरक्षक जितेंद्र यादव बाबा की देखरेख में आयोजित की जाती है। इस पावन परंपरा के तहत देवी कालरात्रि की प्रतिमा की स्थापना की जाती है और पूरे विधि-विधान से मां की आराधना की जाती है।

शिव शक्ति सांई धाम में देवी कामाख्या काली के रूप में प्रतिवर्ष दस माह तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना होती है। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु और भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। जितेंद्र यादव बाबा ने बताया कि यह परंपरा पिछले 20 सालों से निरंतर चली आ रही है और हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। मंदिर के परिसर में शिव शक्ति सांई धाम मंदिर का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इस मंदिर में मां काली और सांई नाथ की प्रतिमा के साथ-साथ भगवान शिव के शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। स्थानीय श्रद्धालु इस आयोजन को लेकर काफी उत्साहित हैं और बड़ी श्रद्धा के साथ हर वर्ष इस पर्व में सम्मिलित होते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि लोगों में एकता और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देता है। शिव शक्ति सांई धाम का यह आयोजन नवरात्रि के दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र बनता है, जहाँ भक्तगण मां कालरात्रि की कृपा प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

# ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य नहीं करने स्वास्थ्य संयोजक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

स्वास्थ्य संयोजक संघ ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वस्थय केन्द्र कोयलीबेड़ा कार्यालय में लेखापाल के हाथो ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य न करने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्य संयोजक संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रो में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको से ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध अब पूरे प्रदेश के साथ साथ कोयलीबेड़ा ब्लॉक में भी आवाज उठा रहे है। मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक ने ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध किया है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बीएल कुलदीप ने कहां है की स्वास्थ्य संयोजक संवर्ग कर्मचारियों के भर्तीनियम व नियुक्ति अनुसार किसी भी प्रकार का ऑनलाइन डाटा एंट्री करने संबंधी तकनीकी कम्प्यूटर ज्ञान नही मांगा गया है और न ही इस तरह का कार्य पूर्व में लिया जाता था। पूर्व में ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई थी और इनके द्वारा सभी ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य कराया जाता था। इस विषय पर जिले के सीएमएचओ के माध्यम से संचालक व मुख्य सचिव, मिशन संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा गया। समस्याओं का समाधान नहीं होने की स्थिति में सभी ऑनलाइन कार्य 22 अक्टूबर से बंद कर अपने मूल कार्य स्वास्थ्य सेवाएं संपादित करेंगे। समस्या का निराकरण करने की मांग की है एवं प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाटा आपरेटरों को उनके पदस्थ स्थान में से डाटा का कार्य कराया जाए तथा जिन केन्द्रों में कर्मचारी पदस्थ नहीं है, वहा पर स्वीकृति पद पर जल्द कर्मचारियों कि न्यूक्त किया जाए और स्वास्थ्य मैदानी कर्मचारियों कि तमाम समस्याओं कि समाधान किया जाए, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने साथ ही 15 दिन में मांग पूरी करने का अल्टीमेटम दिया है। ज्ञापन में मूल कार्य के अतिरिक्त ऑनलाइन डाटा एंट्री के कार्यका विरोध किया है। इस दौरान संघ के ब्लॉक पदाधिकारी सचिव भागीरथी यादव, महामंत्री रतन विश्वास, कोषाध्यक्ष बिवेक बाड़ाई , दीप मित्रा आदि उपस्थित रहें।



### जय मां अम्बे समिति के गरबा उत्सव में शामिल हुईं विधायक

**चारामा।** जय मां अम्बे समिति द्वारा आयोजित गरबा उत्सव में भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मंडावी शामिल हुईं। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक ने लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। गरबा उत्सव में उपस्थित लोगों के साथ मां दुर्गा की भक्ति और नवरात्रि के महत्व पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विधायक ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मां दुर्गा के आशीर्वाद से क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने गरबा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को क्षेत्रीय संस्कृति के संवर्धन का महत्वपूर्ण अंग बताया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोग विधायक से रूबरू हुए और उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की। विधायक ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस गरबा उत्सव ने चारामा क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल पैदा कर दिया, जहां लोग मां दुर्गा की आराधना में लीन होकर गरबा नृत्य का आनंद ले रहे थे। इस दौरान पुर्व गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, महेंद्र नायक, नवीन पटेल, स्वदेश शुक्ला, रानू सेन उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय जसनि शिविर 14 से, कलेक्टर के निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाने का निर्देश जारी किया। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के तहत 14 अक्टूबर को विकासखण्ड कांकेर के कोकानपुर और नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना कलस्टर के ग्राम पंचायत अभनपुर में जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 16 अक्टूबर को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमाबेड़ा में, चारामा विकासखण्ड के हाराडुला कलस्टर के ग्राम हल्बा में 17 अक्टूबर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कलस्टर कोड़ेकुर्से के ग्राम पंचायत हामतवाही में 18 अक्टूबर, चारामा विकासखण्ड के कलस्टर कोटतरा ग्राम मयाना में 23 अक्टूबर, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हरनपुरी स्कूल मैदान में 25 अक्टूबर और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड कलस्टर छोटेकापसी के ग्राम पंचायत बडेक़ापसी में 28 अक्टूबर को जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसके अलावा नरहरपुर विकासखण्ड के उमरादाह कलस्टर के ग्राम पंचायत चंवाड़ में 06 नवम्बर, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ताड़ोकी और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ऐसेबेड़ा कलस्टर के ग्राम पंचायत कारेकट्टा में 08 नवम्बर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड हाटकोंदल कलस्टर के ग्राम पर्रेकोड़ो में 11 नवम्बर, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिंगारभाट में 13 नवम्बर, चारामा विकासखण्ड के ग्राम सिरसिदा और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बांदे कलस्टर के ग्राम पंचायत सावेर में 20 नवम्बर, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगवाल में 21 नवम्बर, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुमाली में 22 नवम्बर, नरहरपुर विकासखण्ड के कलस्टर दुधावा के ग्राम पंचायत धनोरा में 29 नवम्बर, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलगांव में 02 दिसम्बर, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जिरमतराई में 06 दिसम्बर, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लखनपुरी में 07 दिसम्बर, दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत भण्डारडिगी में 12 दिसम्बर, कांकेर के ग्राम पंचायत बारदेवरी और भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत संबलपुर में 13 दिसम्बर, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत केंवटी और अंतागढ़ के ग्राम बण्डापाल में 20 दिसम्बर, नरहरपुर के सुरही कलस्टर के ग्राम बिरनपुर में 27 दिसम्बर तथा दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के दमकसा कलस्टर के ग्राम पंचायत बरहेली में 21 जनवरी 2025 को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित जनपद सीईओ को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने उक्त शिविर में अनुभाग स्तर, ब्लॉक स्तर एवं कलस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### एक दिनी मानसगान सम्मेलन ठेमा में हुआ



**सरोना।** सरोना तहसील के अंतर्गत तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वाधान में ग्राम ठेमा के शीतला मंदिर प्रांगण में एक दिवस मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय मंडलियों ने भाग लिया और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था किया गया। कथावाचक महेन्द्र गंजीर ने अपने व्याख्यान में नारी शक्ति की महानता और राम चरित मानस में नारी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानव समाज में नारी का स्थान कितना महत्वपूर्ण है और किस प्रकार वह परिवारों को जोड़ती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने इस आयोजन की सराहना किया। मंच संचालन रमेश सलाम और सोमलाल निषाद ने किया। इस अवसर पर सुरेखा नेताम, नमिका यादव, रजमा वट्टी, संगीता यादव, केआर गजबल्ला एवं हृदय शोरी के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# सस्वर मानस गान प्रतियोगिता में पूर्व सांसद हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

धनेलीकन्हार में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूर्व सांसद ने शिरकत किया। आयोजन समिति के सस्दयों के द्वारा पूर्व सांसद का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा कि इस ग्राम में मानस गान प्रतियोगिता को 24 वर्ष हो गए है और इस 24 वर्षों में लगातार यह ग्राम विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, यह प्रभु श्रीराम की कृपा है। धनेलीकन्हार में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता में शामिल हुए पूर्व सांसद ने कहा कि जहां प्रभु श्रीराम पुजें जाते हैं, वहां खुशहाली समृद्धि आती है। एनजीओं व सरकारी मशेनिरीयां हमारे समाज को तोड़ने में लगी हुई है व पैसे के बल पर हमारे आदिवासी भाइयों को धर्मान्तरण करवा रही है, यह बहुत बड़ी साज़िश रची जा रही है। हम बटेगें तो कटेंगे की बात कहते हुए कहा हम सभी को संगठित रहना होगा व इस तरह के आयोजन हमें चढ़ बढ़ कर करनी होगी। ऐसे आयोजन से समाजिक समरसता आती है। मानस गान प्रतियोगिता के दूसरे दिन अतिथियों ने मानस मंच में अपनी उपस्थिति दी, जिसका आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत सम्मान किया, जिसमें अध्यक्ष सरपंच बिरेंद्र मारगीया, ग्राम पटेल समधर नरेटी, अवध राम साहू, नारद पोटाई, प्रेम कोमरा, लोकेश्वर सेन, खेमलाल साहू, विवेक पोटाई, गजेन्द्र सिंह पोटाई, जनपद सदस्य रेशमा केशरी, विजय नेताम, वंदना नेताम, माखन मंडावी, मनीष पांडेय, सिताराम सिन्हा, ईश्वर कुलदीप, जोहरु राम साहू, कन्हारपुरी मानस मंच के पदाधिकारी मोहर दास मानिकपुरी, परसुराम भोयर, बाघराज भोयर, सोभा रावटे प्रमुख रहे।

# पीएम आवास मेले में ग्रामीणों को मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

सरोना तहसील के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन सरोना के मंडी परिसर में किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मैला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। उन्होने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका अपना एक घर हो। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब परिवारों के लिए इस सपने को साकार करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने इसे गरीबों के लिए एक वरदान बताया, जिसने उनके जीवन में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। सरपंच सूरज कोराम ने भी इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण इलाकों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में आवास योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लाभार्थियों तक सुविधाएं पहुंचाना था। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, बलराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, मंडल महामंत्री टेकेशवर सिंन्हा, भाजपा नेता भरत निषाद, संजय गोलछा, निलेश गोलछा, अनिल गजपाल, पंचायत सचिव मनीराम सलाम, हीरा नेताम, कने सिंह नेताम, अशवन वटटी, अनिरुद्ध जैन, फरस भास्कर, सहित आसपास के सरपंच प्रधानमंत्री आवासहितग्राही उपस्थित रहे।

